पंजाब केसरी 25/11/2025

सभा के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों के अभिभावकों से बातचीत करते शिक्षक। (देवदत्त)

जी.एम.एन. कॉलेज में अभिभावक-शिक्षक सभा का आयोजन

अम्बाला, 23 नवम्बर (बलराम): जी.एम.एन. कॉलेज, अम्बाला कैंट में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक सभा का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डा. रोहित दत्त के नेतृत्व में किया गया। सभा में विद्यार्थियों के अभिभावकों ने पहुंचकर अपने बच्चों के शैक्षिक प्रदर्शन, प्रगति, कक्षा में उपस्थिति, सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में भागीदारी, बच्चों की व्यवहारिकता अनुशासन आदि के बारे में पूछताछ की। वहीं संबंधित समस्याओं के हल एवं सुझावों का, संबंधित शिक्षकों से विचार-विमर्श किया।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने इस तरह की सभाओं के आयोजन को बढ़ावा देते हुए कहा कि इस तरह की प्रक्रिया विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच एक सामंजस्य स्थापित करती है, जोकि विद्यार्थियों की शिक्षा, चरित्र, व्यवहार आदि, सर्वांगीण विकास पर अत्यंत उपयोगी भूमिका अदा करती है।

अभिभावक शिक्षक सभा समिति की संयोजिका डा. अंशु चौधरी एवं सदस्य मैडम नीलम एवं डा. नीना के अनुसार अभिभावकों ने इस तरह की प्रक्रिया की सराहना की।